पटना विश्वविद्यालय

Patna University

Estd. 1917



Patna University In News (08.11.2022)

पीयू. पांच सेंट्रल पैनल व 26 काउंसेलर का होगा चुनाव

51 बूथों पर 24395 वोटर करेंगे 31 पदों का फैसला

चुनाव को लेकर स्टूडेंट्स से मिलते छात्र जदयू के सदस्य.

एबीवीपी के सदस्यों ने निकाली रैली.

संवाददाता, पटना

पटना यूनिवर्सिटी ने 19 नवंबर को होने वाले छात्र संघ चुनाव के लिए मतदाता सूची व बूथों की संख्या प्रकाशित कर दिया है. पीयू में 24,395 वोटर हैं. इसके साथ सभी कॉलेजों और संकाय मिला कर 51 बूथ बनाये गये हैं. सबसे अधिक पटना वीमेंस कॉलेज में 5355 वोटर हैं. यहां पांच काउंसेलर का चुनाव होगा. इसके लिए सात बूथ बनाये जायेंगे. दूसरे नंबर पर मगध महिला कॉलेज में 3488 वोटर हैं. यहां तीन काउंसेलर का चुनाव होगा. इसके लिए आठ बूथ बनाये जायेंगे.बीएन कॉलेज में 3209 वोटर हैं. यहां तीन काउंसेलर का चुनाव होगा. इसके लिए सात बूथ बनाये गये हैं. पटना कॉलेज में 2452 वोटर हैं. यहां दो काउंसेलर का चुनाव होगा. इसके लिए पांच बूथ बनाये जायेंगे.वाणिज्य महाविद्यालय में 2008 वोटर हैं. यहां भी दो काउंसेलर का चुनाव होगा. इसके लिए चार बूथ बनाये गये हैं. पटना सायंस कॉलेज में 1863 वोटर हैं. यहां दो काउंसेलर का चुनाव होगा. इसके लिए चार बूथ बनाये जायेंगे.

कॉलेज ऑफ आर्ट एंड क्राफ्ट में 221 वोटर हैं. यहां एक काउंसेलर का चुनाव होगा. इसके लिए एक बूथ बनाया जायेगा. वीमेंस ट्रेनिंग कॉलेज में 199 छात्राएं है, यहां एक काउंसेलर का चुनाव होगा. इसके लिए एक बूथ बनाया जायेगा. पटना ट्रेनिंग कॉलेज में 192 वोटर हैं. यहां भी एक बूथ पर एक काउंसेलर का चुनाव होगा. पटना लॉ कॉलेज में 387 वोटर हैं. यहां भी एक काउंसेलर का चुनाव होगा. इसके लिए एक बूथ बनाया जायेगा.

पीजी सोशल साइंस में 2243 वोटर हैं. इसके लिए पांच बूथ बनाये गये हैं. यहां दो काउंसेलर का चुनाव होगा. पीजी साइंस में 1288 वोटर हैं. यहां एक काउंसेलर के लिए तीन बूथ बनाये गये हैं. पीजी कॉमर्स, एजुकेशन और लॉ में 561 वोटर हैं. यहां काउंसेलर का एक पद है. इसके लिए दो बूथ और मानविकी में 989 वोटर हैं. इसके लिए दो बूथ बनाये गये हैं. यह एक काउंसेलर का चुनाव होगा.

पीयू को बनाएं केंद्रीय विवि : छात्र जदयू

पटना. पटना विवि छात्र संघ चुनाव को लेकर छात्र जदयू ने सोमवार को विभिन्न कॉलेजों में कैंपेन किया. प्रदेश अध्यक्ष नीतीश पटेल ने विद्यार्थियों से समर्थन करने की अपील की. छात्र जदयू के सदस्यों ने पटना विश्वविद्यालय को केंद्रीय विश्वविद्यालय बनाने पर जोर दिया.

एबीवीपी ने निकाली जागरूकता रैली

पटना. अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की ओर से सोमवार को जागरूकता रैली निकाल कर विभिन्न कॉलेजों के विद्यार्थियों से संपर्क किया. जागरूकता रैली पटना सायंस कॉलेज से मगध महिला कॉलेज तक जागरूकता रैली निकाली गयी. परिषद के वैभव सिंह ने छात्र संघ चुनाव में समर्थन देने की अपील की.

प्रभात खबर Tue, 08 November 2022
https://epaper.prabhatkhabar.com/c/70795080

انقلاب THE INQUILAB پٹنہ/قرب وجوار 05
Tuesday, November 08, 2022,Patna, www.inquilab.com

یوجی سی امتحان میں شعبۂ اردو، پٹنہ یونیورسٹی کے طلبہ کی نمایاں کامیابی

عائشہ حسن، محمد ندیم نسیم، معصوم اشرف، شمشیر انصاری اور صادق ربانی کی کامیابی پر صدر شعبہ کا اظہار مسرت

پٹنہ (پریس ریلیز) لکچررشپ اور فیلوشپ کی اہلیت کے لئے منعقد ہونے والے یوجی سی نیٹ امتحان میں امسال شعبۂ اردو، پٹنہ یونیورسٹی کے طلبہ وطالبات نے نمایاں کامیابی حاصل کی ہے۔ شعبے کی سمسٹر چہارم کی طالبہ 'عائشہ حسن' نے تین سو میں ۲۰۸ رنمبر حاصل کر کے نہ صرف اسسٹنٹ پروفیسر کی اہلیت حاصل کی بلکہ پی ایچ ڈی تحقیق کے لئے فیلوشپ بھی حاصل کی ہے۔ دیگر طلبہ میں محمد ندیم نسیم، معصوم اشرف، شمشیر انصاری اور صادق ربانی نے اسسٹنٹ پروفیسر کے لئے اہلیت (نیٹ) میں کامیابی حاصل کی ہے۔ شمشیر انصاری ابھی سمسٹر دوم کے ہی طالب علم ہیں۔

شمشیر انصاری | محمد ندیم نسیم | معصوم اشرف | عائشہ حسن

طلبہ کی اس کامیابی پر شعبۂ اردو کے صدر ڈاکٹر شہاب ظفر اعظمی نے مسرت کا اظہار کرتے ہوئے ان کے مستقبل کے لئے دعائیں اور نیک خواہشات پیش کیں۔ شعبہ کے طلبہ نے بھی اس کامیابی پر خوشی کا اظہار کیا اور کہا کہ شعبۂ اردو پٹنہ یونیورسٹی نامساعد حالات کے باوجود طلبہ کی تعلیم وتربیت پر جو توجہ دیتا ہے یہ اسی کا نتیجہ ہے۔ انہوں نے بالخصوص صدر شعبہ کا شکریہ ادا کیا جو تنہا رہتے ہوئے نہ صرف مہمان اساتذہ کی تقرری کے لئے کوششیں کر رہے ہیں بلکہ طلبہ کی تعلیم و تربیت میں کسی کمی کا احساس نہیں ہونے دیتے۔ وہ خود اور اپنے معاون ریسرچ اسکالروں کے تعاون سے نصاب کی تکمیل کے ساتھ ہم نصابی علمی و ادبی سرگرمیوں سے شعبے کو زندگی بخش رہے ہیں۔ شعبے کے ریسرچ اسکالر فیضان حیدر اور سابق طالب علم ڈاکٹر محمد منہاج الدین نے شعبے سے بڑی تعداد میں طلبہ کی اسسٹنٹ پروفیسر اور مترجمین کے عہدے پر تقرری کو بھی اہم قرار دیتے ہوئے اسے شعبۂ اردو پٹنہ یونیورسٹی کا نمایاں کارنامہ قرار دیا۔

दैनिक जागरण

पीयू शिक्षकों ने दी मैनेजर पांडेय को श्रद्धांजलि

जासं, पटना : हिंदी के प्रसिद्ध आलोचक प्रो. मैनेजर पाण्डेय की स्मृति में सोमवार को हिंदी विभाग, पटना विश्वविद्यालय में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। हिन्दी विभाग के अध्यक्ष प्रो. तरुण कुमार ने मैनेजर पाण्डेय को एक शिक्षक के रूप में याद करते हुए कहा कि वे जिस तरह की तैयारी के साथ कक्षा में पढ़ाने आते थे वैसा आज दुर्लभ है। वे जिस विषय को पढ़ाते थे उससे संबंधित पूरी जानकारी रखते थे।